**श्री हुकुम सिंह (कैराना) :** अध्यक्ष महोदया, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यह प्रश्न केवल मेरे लोक सभा क्षेत्र तक सीमित है। वहां 135 किलोमीटर लम्बा सीमा विवाद है, एक तरफ हरियाणा है, एक तरफ उत्तर प्रदेश है और 135 किलोमीटर मेरे लोक सभा क्षेत्र का हिस्सा बनता है। वहां तीन मार्ग हैं - पानीपत-खटीमा मार्ग, करनाल-मेरठ मार्ग और अम्बाला-सहारनपुर मार्ग। इन तीनों मार्गों पर टोल टैक्स लगाया हुआ है। पिछले पचास सालों से ये मार्ग बने हुए हैं और पुल भी पचास सालों से बने हुए हैं। जो कीमत कभी आई होगी, वह वसूल हो चुकी। वहां कोई नई सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई गई। इन तीनों मार्गों पर किसी प्रकार का टोल टैक्स लगाने का कोई औचित्य नहीं है और यह भी संभव है कि सरकार के द्वारा वह टोल टैक्स न लगाया गया हो, बल्कि कोई माफिया ही वहां पर पैसे वसूल कर रहा हो।

इसलिए मैं केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वहां तुरंत टोल टैक्स को समाप्त किया जाए। इसी के साथ-साथ सीमा विवाद भी आजकल ऐसा बढ़ गया है कि मेरे क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सीमा में कभी दीक्षित अवार्ड बना था, जो कभी भारत सरकार के गृह मंत्री होते थे, उनकी अध्यक्षता में वह अवार्ड दिया गया था और सीमा निर्धारित कर दी गई थी। मैं चाहता हूं कि जो दीक्षित

अवार्ड है, जिसके अनुसार सीमा निर्धारित की गई है, जिस प्रदेश की जमीन जहां पर है, उस प्रदेश के किसानों को वहां पर खेती करने का अवसर मिले और उन्हें सुरक्षा मिले। धन्यवाद।

**श्री बाबूलाल चौधरी (फतेहपुर सीकरी) :** अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मेरे यहां आगरा जनपद में अभी कुछ दिन पहले इतनी भयंकर बरसात और ओला पड़ा है, जिससे किसानों की कमर पूरी तरह से टूट चुकी है, कई लोग मर चुके हैं और जो कम्पैनसेशन वाला मैटर है, वह बहुत पुराना नियम है। आज नौ हजार रुपये प्रति हैक्टेअर के हिसाब से किसानों को मुआवजा मिलने की उम्मीद है। मगर नौ हजार रुपये हैक्टेअर के हिसाब से दो हजार रुपये प्रति बीघा पड़ता है। दो हजार रुपये प्रति बीघा पर तो आज किसान की जुताई भी नहीं हो पाती है। हमारी भारतीय जनता पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में किसानों की लागत का डेढ़ गुना का वायदा किया गया था। आलू की फसल 90 पर्सेंट खत्म हो चुकी है। आलू की फसल के लिए आज कम से कम 40 हजार रूपये प्रति बीघा के हिसाब से लागत पड़ती है। किसान बिल्कुल मर चुका है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इन सब ऋणों को माफ किया जाए और किसानों का जो पुराना नियम है, उसको बदला जाए तथा किसानों को फसल बीमा योजना के आधार पर हर फसल की लागत जैसे आलू की लागत 40 हज़ार रूपए है, गेहूं की लागत करीब 20 हज़ार रूपए है तथा सरसों की लागत करीब 15 हज़ार प्रति बीघा के हिसाब + लाभ के आधार पर बीमा दिलाया जाए तथा मुआवजा दिलाया जाए। पशुधन के मरने पर भैंस के मात्र आज 15-16,000 रूपए प्रति के हिसाब से मिलता है, जबकि आज भैंस की कीमत बाज़ार के हिसाब से करीब 70,000 रूपए मिलना चाहिए। अतः इस पुराने नियम को बदलना जरूरी है।

SHRI NEIPHIU RIO (NAGALAND): Madam Speaker, thank you very much for giving me time.

Madam, with the advancement of knowledge and technology, the world has shrunk into a global village and we are witnessing to the fast pace of progress and development in the country. However, the North-Eastern Region and particularly, the Nagaland is facing poor connectivity problem.

You are aware that Dimapur Airport is operated since 1972. However, it has now been reduced to only five flights in a week connecting to Kolkata and that is also sharing with Dibrugarh in Assam. In November, 2014, one flight was introduced only on Monday but it has again been withdrawn on 12th February,

2015. There are high fares due to the fact that there is a 'no fly zone'. The flights have to take a longer route of Manipur.

Therefore, I urge the Air Headquarters under the Defence Ministry to issue clearance of 'no fly zone'. During the visit of the hon. Prime Minister at Dimapur in 2014, the night landing facility was operated but later on it was closed. It should be operated for all the flights.

You are aware that Nagaland is not having even a single private airline in operation. We are left with no option but with Air India. Therefore, I request the Ministry of Civil Aviation to ask the corporate bodies to perform their social responsibility in these difficulty areas. I also request the Civil Aviation Ministry to provide us a flight which connects us to Delhi via Guwahati or Kolkata on a daily basis. The Dimapur Airport needs to be improved and upgraded. The intra-connectivity flights within the North-East also need to be restarted immediately.

**साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) :** अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच की तरफ आकर्षित करना चाहती हूँ। महोदया, हमारा संसदीय क्षेत्र बहराइच नेपाल की सीमा से सटा हुआ, चार नदियों से घिरा, जंगल प्रभावित तराई क्षेत्र है। जनपद बहराइच मूल रूप से पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनपद बहराइच में सन् 2013 में मैडिकल कॉलेज का प्रस्ताव हुआ था। इस मैडिकल कॉलेज के लिए जिला प्रशासन द्वारा 20 एकड़ जमीन उपलब्ध करानी था। जमीन उपलब्ध न कराने के कारण मैडिकल कॉलेज स्थगित कर दिया गया है। महोदया, सरकार की यह योजना सन् 2013 में आई थी, किंतु उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा साफ न होने के कारण योजना जस की तस, धरी की धरी रह गई है। केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए राज्य सरकार की मंशा साफ होती तो जमीन का रोना न रोना पड़ता। ...(व्यवधान) महोदया, यह समस्या उन लाखों लोगों की है, इन समस्याओं को देखते हुए जनपद में उत्तर प्रदेश की सरकार को आदेश दिया जाए कि वहां पर मैडिकल कॉलेज खोले जाने हेतु जिला प्रशासन से जमीन उपलब्ध करा कर मैडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए।

HON. SPEAKER: Shri Daddan Mishra is permitted to associate with the issue raised by Sadhvi Savitri Bai Phule.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam, this is a local issue but it has a national ramification because it deals with my constituency. When waterways were in operation in Cuttack, Odisha, during the British period after 1866 and when Odisha faced a very severe famine, more than 10 million people had perished during that period. The traders had build up a Malgodown. Subsequently, when the Indian Railways or the Bengal-Nagpur Railway came into operation in 1901, then this area was given by the Bengal Presidency to the Railways. A levy was charged, a license fee was being collected from the traders, wholesale traders, sub-wholesale traders and shopkeepers and railway became the mode of transport. Licence fee is being collected. Peculiarly in February 2015, a notice has been served. When I went back last weekend, a large number of traders from Malgodam – they are thousands in number as Malgodam, Cuttack caters to the whole of the State providing food stock and other materials – came to me and said that this was what the NDA Government had done. Railway gave a notice to them to vacate this place by 31st of March. Thousands of traders are going to be shifted from that place. What for? The whole mechanism of providing succour to different districts is going to be hampered. My request is this. They are paying licence fee. They are in occupation of this place for the last 130 or 140 years. This is the concern, which I thought that I should bring it to the notice of this Government, through you, Madam.

I am raising it in 'Zero Hour'. I know that the Government will not respond to me but, I think, there will be some response from the Government … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You are knocking the door.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : I would request the Government to take immediate steps to withdraw this eviction notice so that they can continue to do their work in Malgodam, and the Malgodam traders should not be evicted.

**श्री धनंजय महाडीक (कोल्हापुर):** महोदया, आपने मेरे क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय के बारे में मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मेरे क्षेत्र कोल्हापुर में चन्दगढ़ ताल्लुका है, जो

पश्चिमी घाट का एक हिस्सा है। यूनेस्को ने इसे इको सेंसेटिव जोन और वर्ल्ड हैरीटेज का दर्जा दिया है। हाल ही में यहाँ ए.वी.एच. नामक एक केमिकल फैक्ट्री शुरू हुई है, जो कोलतार डिस्टिलेशन प्लांट है। यह कर्नाटक से सिर्फ दस किलोमीटर दूर है। मिनिस्ट्री ऑफ एन्वायर्नमेंट एंड फॉरेस्ट की मान्यता की इसको जरूरत है, क्योंकि यह ए ग्रेड में आता है, पर कंपनी ने इसे बी ग्रेड दिखाकर स्टेट से परमीशन ली है। इसमें जो केमिकल्स बनते हैं, उनसे जो पॉल्यूशन होता है, उससे कैंसर जैसी बीमारियाँ हो सकती हैं, ऐसा पता चला है। जो ए.वी.एच. कंपनी है, अगर इसके अगल-बगल में आप देखेंगे तो दस किलोमीटर की रेडियस में तीन बड़ी नदियाँ और 22 वाटर रिजर्व वायर्स हैं, जो महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक को पानी सप्लाई करती हैं। ये सभी इसकी वजह से हैंपर हो सकती है। इसके पॉल्यूशन की वजह से जो कैशू क्रॉप, जंगल की वनस्पितयों और आम इन्सान को खतरा पैदा हो गया है। 72 ग्राम पंचायतों ने इसके खिलाफ एक एजेंडा निकालकर विरोध प्रस्ताव दिया था, फिर भी यह फैक्ट्री शुरू हो गई। 28 फरवरी को दस हजार से ज्यादा लोगों ने एक मोर्चा निकालकर यह पूरी फैक्ट्री जला दी है, फैक्ट्री के साथ केमिकल के चार टैंकर भी जला दिए हैं, गाड़ियाँ जला दी हैं, लॉ एंड आर्डर की बहुत बड़ी सिचुएशन यहाँ पर निर्मित हुई है। इस फैक्ट्री का रॉ मैटीरियल बेल्लारी, कर्नाटक से आएगा, जो कि वहाँ से 300 किलोमीटर दूर है। इसका जो फिनिश प्रोडक्ट है, वह जयगढ़ पोर्ट जाएगा, जो साढ़े तीन सौ किलोमीटर दूर है। इसका वेस्ट पूना में जाएगा, जो 200 किलोमीटर दूर है। यह सभी जो ट्रांसपोर्टेशन है, वह इकोसेंसेटिव एरिया में जाएगा।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि जन भावना का, लोगों की भावना का आदर करते हुए इस फैक्ट्री को तुरन्त हमेशा के लिए बंद करना चाहिए। अभी विधानसभा में भी पचास से ज्यादा एमएलएज ने इसका प्रोटेस्ट किया है। अभी भी लोग धरने पर हमारे क्षेत्र में बैठे हैं। आप कृपा करके यह फैक्ट्री हमेशा के लिए बंद कर दीजिए। धन्यवाद।

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam Speaker, I would like to draw the attention of the Ministry of Water Resources, through you, that Farakka barrage project is the largest barrage across the river Ganges in our country. The length of that barrage is two miles and it consists of 109 lock-gates. It used to cater the requisite water on the one hand to Bangladesh and on the other hand it facilitates the flow of water to the Kolkata port. Three days earlier, 45 lock-gates got collapsed and totally washed away. Naturally, huge quantum of water is being flown to Bangladesh. It is a national loss. So, the Government should take serious note of it, and maintenance should be given the highest

priority. Farakka barrage project is a national project. It is a strategic project. It needs to be given due consideration.

HON. SPEAKER : Shri Md. Badaruddoza Khan is permitted to associate with the issue raised by Shri Adhir Ranjan Chowdhury.

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** अध्यक्ष महोदया, जब देश में अनाज की कमी थी तो पंजाब के किसान ने देश को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बनाया, लेकिन बदकिस्मती की बात है कि देश को आत्मनिर्भर बनाकर खुद वह आत्मनिर्भर नहीं बन पाया - कभी कुदरत की मार, कभी किसी कानून की मार, चाहे वह भूमि अधिग्रहण बिल हो, चाहे स्वामिनाथन की रिपोर्ट को लागू न करने का मामला हो, चाहे एम.एस.पी. को खत्म करने का मामला हो। अभी जो मार किसान पर पड़ने वाली है, वह यह है कि एफ.सी.आई. ने ऐलान कर दिया है कि हम 50 परसेंट कम गेहूँ पिछली बार से खरीदेंगे जिससे बेमौसमी बरसात की मार झेल रहे किसान को और भी दोहरी मार पड़ेगी। मैं आपके माध्यम से सरकार को यह आग्रह करना चाहता हूँ कि फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया को यह निर्देश दें कि वह पंजाब के किसानों का पूरे का पूरा गेहूँ खरीदें। इसमें कमी न करें ताकि पंजाब के किसान को बचाया जा सके। पहले ही वह खुदकुशी कर रहा है, कर्ज़ई है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूँ कि एफ.सी.आई. को आर्डर दिया जाए कि वह पूरा गेहूँ खरीदें। बहुत बहुत धन्यवाद। ...(व्यवधान)

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** अध्यक्ष महोदया, मेरठ में एक मीट प्लांट है। ...(व्यवधान) इसमें 30 नवंबर को 90 टन मीट पकड़ा गया जो बाद में गोमांस निकला। इस मीट को बेचने की इजाज़त नहीं थी पर मालिकों ने इसे बेच दिया। इसको बंद किया गया। इसी प्रकार की घटना 2012 में भी हुई थी। तब 70 टन मीट पकड़ा गया था। वह भी गोमांस निकला था। उसको भी इसी प्रकार से बेच दिया गया था। मेरे क्षेत्र की कठिनाई यह है कि इस प्रकार से मीट प्लांट के नाम पर अवैध कमेले वहाँ पर चल रहे हैं। पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर पशुओं का कटान हो रहा है, गोवंश का कटान हो रहा है। पशुओं की चोरी हो रही है, पशुओं को छीन लिया जा रहा है और सारे के सारे जो प्रशासनिक अधिकारी हैं, पुलिस अधिकारी हैं, प्रदूषण विभाग के अधिकारी हैं, उनकी मिलीभगत रहती है। मेरा निवेदन यह है कि इस बार भी इसमें छेड़छाड़ की कोशिश हो रही है। जो मथुरा लैब से टैस्ट होकर आया कि यह गोमांस है, उस पर सवाल खड़े करके दोबारा सैम्पल भेजने की मांग हो रही है। जो प्रकरण है, इसमें अधिकारियों की संलिप्तता है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि संपूर्ण प्रकरण की जाँच कराएँ, पश्चिम उत्तर प्रदेश में चल रहे इस अवैध कारोबार को बंद कराएँ और गोवंश की हत्या बंद हो, यह मेरा आपसे निवेदन है।

**श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) :** अध्यक्ष जी, इस वर्ष के बजट में माननीय वित्त मंत्री महोदय ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना करने की घोषणा की है। हम सभी इसका स्वागत करते हैं। इस वर्ष तीन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च खोले जाने हैं। आपके माध्यम से मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि इस इंस्टीट्यूट की स्थापना मेरे संसदीय क्षेत्र संभाजीनगर, औरंगाबाद में की जाए। संभाजीनगर एशिया का सबसे तेजी से औद्योगिक विकास करने वाला शहर है। आने वाले दिनों में दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरीडोर शुरू होने के बाद विकास की गति और बढ़ने की उम्मीद है। सबसे बड़ी बात है कि इस शहर में नेशनल इंस्टीट्यूट के लिए पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। यहाँ ज़मीन की भी कमी नहीं है। हमारे यहाँ ल्यूपेन, ओखाड और अजंता फार्मा जैसी कई फार्मास्यूटिकल कंपनियाँ हैं। चैम्बर ऑफ मराठवाड़ा इंडस्ट्रीज़ एंड एग्रीकल्चर ने भी माननीय मंत्री से विनती की है। मैं आपके माध्यम से विनती करूँगा कि यह इंस्टीट्यूट हमारे यहाँ संभाजीनगर में खोला जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती वीणा देवी।

कोई नाम लेकर एलीगेशन नहीं लगाना है, जनरल जो बात बोलनी है, वह बोल दीजिए।

**श्रीमती वीणा देवी (मुंगेर):** अध्यक्ष जी, हमारे मुंगेर संसदीय क्षेत्र के बाढ़ विधान सभा के नगर परिषद् एरिया में भारत सरकार के शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा वहाँ के गरीबों एवं विकलांग व्यक्तियों के लिए एक आवास परियोजना चलाई गई थी। वहाँ इसके लिए जो रकम दी गई थी, वह बिचौलियों के हाथ धरी की धरी रह गई लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जो विकलांग हैं, उन्हें अभी कोई सहारा नहीं मिल रहा है। क्या यह शहरी विकास है? तत्काल कार्रवाई करते हुए आवासीय परियोजना प्रारंभ कर लाभार्थियों को उनका हक प्रदान किया जाए।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.30 p.m.

**13.25 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.*

**14.34 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Thirty Four Minutes past Fourteen of the Clock.*

(Hon. Deputy-Speaker *in the Chair*)

## MATTERS UNDER RULE 377 *

HON. DEPUTY SPEAKER: Hon. members, the matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them, may personally hand over slips at the Table of the House within 20 minutes. Only those matters shall be treated as laid for which slips have been received at the Table within the stipulated time and the rest will be treated as lapsed.

* Treated as laid on the Table.

## (i) Need to take effective measures to check pollution caused by tar balls in the coastal region of Gujarat

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) :** भारतीय समुद्री सीमा में 'टारबोल प्रदूषण' के कारण गुजरात के तीथल, मरोली, उमरगांव तथा प्राकृतिक सौन्दर्य और पर्यावरण के लिए जाना जाने वाला नारगोल का प्रवासन सेन्टर भयग्रस्त हो गया है । ऑयल युक्त कचरे के कारण समुद्र में जमी हुई काई भी प्रदूषित हो रही है जिसके कारण वहां के लोगों में चमड़ी का रोग बढ़ रहा है । समुद्र में ऑयल फैलने के कारण उसमें रहने वाले जीव-जंतुओं जैसे - डॉलफिन, कछुआ, जैलीफिश, दरियाई जीवों इत्यादि को हानि पहुंच रही है तथा यह जीव-जंतु प्रदूषण के कारण मृत्यु का ग्रास बन रहे हैं । इस फैलते प्रदूषण के कारण समुद्री जीव सृष्टि के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है । इसके कारण ग्राउण्ड वाटर भी प्रदूषित हो रहा है तथा यहां के कोस्ट गार्ड के पास अपनी खुद की कोई लेबोट्री भी नहीं है । एन.आई.ओ. ने पर्यावरण मंत्रालय को लेब बनाने के लिए भी कहा है लेकिन कोस्ट गार्ड लेब की जिम्मेदारी लेने के लिए आगे नहीं आ रहा है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इस प्रदूषण के मूल तक जाने तथा उससे निजात पाने के लिए कड़ कदम उठाए जाएं और गुजरात में 'वाटर फिंगर प्रिंटिंग लेबोरेटरी' की स्थापना की जाए ।

## (ii) Need to construct a new railway line from Bilaspur in Chhattisgarh to Jabalpur in Madhya Pradesh via Mungeli, Kawardha and Mandla

**श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर):** छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर रेलवे स्टेशन से वाया मुंगेली, कवर्धा, मंडला, जबलपुर तक ब्रिटिश कालीन सरकार द्वारा रेल लाइन सर्वेक्षित है जिसके लिए कृषि एवं वन विभाग की भूमि अधिग्रहित की गई है । इस रेल लाइन के निर्माण से कवर्धा में खनिज संकट के पर्याप्त भंडार का सही दोहन हो पाएगा एवं रास्ता सुलभ परिवहन होने से राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। साथ ही कवर्धा में स्थित भौरमदेव शक्कर कारखाना तथा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित पंडरिया में निर्मित होने वाले शक्कर कारखाना का उत्पाद देश के अनेक भागों में आसानी से परिचालित होने से राज्य के किसानों को गन्ने का मूल्य समुचित रूप से प्राप्त होगा जिससे किसान आर्थिक रूप से सक्षम होंगे तथा रोजगार के सृजन होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा । नए औद्योगिक क्षेत्र में विकास बढ़ेगा । संबंधित क्षेत्र में यातायात के अभाव में उद्योगपति यहां पर उद्योग लगाने में पीछे रहते हैं । वर्तमान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा अतिशीघ्र स्वीकृत कर रेल लाइन का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता है । इससे न सिर्फ सभी जिलों का समग्र विकास होगा अपितु साथ ही सरकार को राजस्व की उचित मात्रा में प्राप्ति होगी जिससे छत्तीसगढ़ राज्य को एक नई दिशा मिलेगी ।

## (iii) Need to provide funds for expenditure incurred by co-operative credit societies in disbursement of wages under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme particularly in Rajasthan

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) :** अल्पकालीन सहकारी साख संस्थाएं राज्य में 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना' श्रमिकों के माध्यम से भुगतान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । इन संस्थाओं द्वारा 39 लाख मनरेगा श्रमिकों को भुगतान का कार्य अब तक संतोषजनक हो रहा है परंतु इन संस्थाओं को इस कार्य निष्पादन हेतु होने वाले विभिन्न प्रकार के प्रशासनिक एवं अन्य खर्चों के लिए कोई राशि प्राप्त नहीं हो रही है । अतः इन संस्थाओं को इसका प्रतिफल मिलना चाहिए । राजस्थान में अल्पकालीन सहकारी संस्थाओं का नेटवर्क काफी मजबूत है तथा इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में सभी सीमांत कृषकों में लगभग 80 प्रतिशत को फसली ऋण उपलब्ध कराना आदि शामिल है । अतः यह आवश्यक है कि इन संस्थाओं को इस कार्य निष्पादन में हो रहे खर्चों की पूति स्वरूप अन्य एजेंसियों की भांति कुछ प्रतिशत निर्धारित किया जाए । इस संबंध में राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार से भी निवेदन किया है ।

अतः मेरा माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री से आग्रह है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना में श्रमिकों को भुगतान में हो रहे व्ययों हेतु सहकारी संस्थाओं को प्रति खाता प्रतिवर्ष अन्य संस्थाओं की भांति राशि उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए और किए गए भुगतान की राशि के 2 प्रतिशत के समक्ष राशि सहकारी संस्थाओं को प्रशासनिक व्ययों की पूर्ति हेतु उपलब्ध करवाई जाए ।

## (iv) Need to ban the production of tobacco products in the country

**श्री संजय काका पाटील (सांगली) :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में गरीबी का एक बड़ा कारण तंबाकू सेवन भी है । तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों पर होने वाले खर्च से परिवार गरीबी की रेखा के नीचे जा रहे हैं । तंबाकू सेवन के आर्थिक प्रभाव भयावह है । स्वास्थ्य पर होने वाले व्यय का एक बड़ा हिस्सा सिर्फ तंबाकू जनित बीमारियों पर खर्च हो रहा है । एक अनुमान के अनुसार स्वास्थ्य पर होने वाले व्यय का करीब 4.7 प्रतिशत तंबाकू से जुड़ी बीमारियों पर खर्च हो रहा है । तंबाकू से होने वाली राष्ट्र को आर्थिक क्षति भारत में जी.डी.पी. का करीब 2 प्रतिशत है । तंबाकू जनित बीमारियों पर वर्ष 2011 में 16,800 करोड़ रूपये खर्च हुए । तंबाकू से सालाना एक लाख करोड़ रूपये की हानि होती है ।

सरकार ने तंबाकू व अन्य तंबाकू उत्पादक (संशोधन) विधेयक को ठण्डे बस्ते में डाल दिया है । सिगरेट, बीड़ी व तंबाकू से बने पदार्थ जैसे गुटखा, खैनी इत्यादि से ओरल कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है । अब समय आ गया है जब सरकार को इसे रोकना होगा व इसके लिए कठोर कदम उठाने होंगे । खुली सिगरेट की बिक्री पर रोक लगे व तंबाकू उत्पादों के उत्पादन पर रोक लगा दी जाए । हमें अपने नौजवानों को इस व्यसन से बचाना होगा । सिगरेट उत्पादन निर्यात के लिए हो परंतु देश में इसे रोकना होगा । मैं सरकार से अपील करता हूं कि इस दिशा में तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं ।

## (v) Need to undertake census of OBCs, Notified Tribes and Vimukta Jati and Nomadic Tribes

**श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) :** केन्द्र सरकार ने हाल ही में 15 मार्च के पहले जाति आधारित जनगणना पूरी करने का राज्यों को आदेश दिया है । सरकार ने जनगणना के प्रस्ताव के प्रारूप को देश में राज्यों के ग्राम पंचायत, नगरपालिका, महानगर पालिका को मान्यता के लिए भेजा है । इस प्रस्ताव में एस.सी. एस.टी. एवं अन्य जातियों को 'इतर' ऐसे शब्द से उल्लेखित किया है । इसके कारण ओबीसी, एनटी और विजेएनटी जाति की स्वतंत्र जनगणना न होने से इन जातियों के समाज पर अन्याय हुआ है । वर्ष 1931 में ब्रिटिश काल से अभी तक ओबीसी, एनटी और विजेएनटी जाति की जनगणना न होने से इस समाज का 66 वर्ष व्यतीत होने के बाद भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास न होने से आज भी पिछड़ा हुआ है । भारतीय संविधान की धारा 340 के अनुसार ओबीसी, एनटी और विजेएनटी जातियों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक विकास करना अनिवार्य है । लेकिन इस समाज की जाति निहाय स्वतंत्र जनगणना न होने से इन जातियों की निश्चित संख्या कितनी है, इसके आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध नहीं है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि प्रस्ताव पारित कर ओबीसी, एनटी और विजेएनटी जाति की स्वतंत्रता से जनगणना कराने के विषय में शीघ्रता से कार्यान्वयन करने की आवश्यकता है ।

## (vi) Need to declare Ahmednagar district in Maharashtra as a tourist destination of national importance and also provide necessary tourist facilities in the district

**श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) :** मेरा संसदीय क्षेत्र अहमदनगर महाराष्ट्र राज्य का एक महत्वपूर्ण एवं विस्तार में बड़ा जिला है । महाराष्ट्र तथा देश में अहमदनगर जिला एक ऐतिहासिक दृष्टि से ख्याति प्राप्त है । पर्यटन, भौगोलिक विस्तार, पहाड़ी विस्तार, बढ़े जल संचयन क्षेत्र, पुरातन वास्तु, धार्मिक पर्यटन, कृषि उपज व उत्पादन, औद्योगिक इकाई, रक्षा मंत्रालय के बड़े कार्यालय व आर्मी प्रशिक्षण तथा स्थायी कैम्प, देश की सबसे बड़ी शुगर इण्डस्ट्री, प्राकृतिक सौन्दर्य की धरोहर आदि विभिन्न क्षेत्र में अहमदनगर जिला महाराष्ट्र के अन्य जिलों से भिन्न पहचान रखता है । भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा पर्यटन की दृष्टि से इस जिले को मुख्य मानबिंदु पर लाने में कोताही बरती जा रही है तथा स्थानीय शासन तंत्र भी इस विषय को जिले का राजस्व बढ़ाने की दिशा में उदासीन होने का समय-समय पर अनुभव आया है । अहमदनगर जिले में मुख्य दर्शनीय पर्यटन स्थल निम्नवत् हैं :-

1. नगर का ऐतिहासिक किला जिसमें अंग्रेजों ने पंडित नेहरू एवं लौहपुरूष सरदार पटेल साहेब को कैद रखा था;
2. धार्मिक दृष्टि से अवतार मेहरबाबा;
3. शिर्डी के साईंबाबा;
4. शनिशिंगणापुर;
5. मोहाटा देवी; एवं
6. महान जैन संत आचार्य सम्राट आनन्द ऋषि जी का तीर्थस्थान ।

मुगल शासन काल में अहमदशाह निजाम ने यह शहर बसाया और उसकी यह राजधानी रही । यहां कई प्रवेश द्वारों के अवशेष एवं दरवाजे आज भी शहर की शान है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि अहमदनगर जिले में आपार पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इसे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र में स्थापित करते हुए प्रमुख पर्यटन स्थल घोषित किया जाए तथा इसके सर्वांगीण विकास हेतु कार्य योजना तैयार करके इसे स्मार्ट सिटी में शामिल करके बजट में इसके लिए आवश्यक धनराशि आवंटित की जाए ।

## (vii) Need to improve medical facilities in hospitals in Sant Kabir Nagar district, Uttar Pradesh

**श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर):** मैं सरकार का ध्यान जिला अस्पतालों की बुरी हालत की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में जो अस्पताल अहम भूमिका निभाते थे, आज वह असफल हो रहे हैं । अधिकांश अस्पतालों में जांच के लिए आधुनिक मशीनों का नितांत अभाव है जिसके कारण लोगों को मजबूर होकर प्राइवेट अस्पतालों की शरण में जाना पड़ रहा है जहां उन्हें शोषण का शिकार होना पड़ रहा है । जिला संत कबीर नगर (उ.प्र.) जो मेरा संसदीय क्षेत्र है, वहां पर सी.टी. स्कैन, डायलाइसिस, कैथ लैब जैसी कोई भी रेडियोलॉजी की सुविधा उपलब्ध नहीं है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि जिला अस्पतालों में रेडियोलॉजी की आधुनिक मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे पिछड़े और गरीब इलाकों में आम जनता को समय पर और सही इलाज मिल सके ।

**(viii) Need to establish more medical colleges in the country**

SHRI P.C. MOHAN (BANGALORE CENTRAL): India which is having a population of 125 crore is one of the most dynamic democracies in the world, having a doctor-population ratio of 1:1700 against the projected target of 1:1000 made by High Level Expert Group for Universal Health Coverage constituted by the Planning Comniission. To achieve the goal set by the High Level Expert Group (HLEG), India has to establish 200 new medical colleges within 10 years to meet the projected shortage of 6,00,000, doctors.

Further, India is facing gross shortage of medical teachers. More attention is required to render medical services, education and research. Most of all, rural health services are in dire need of trained specialists and super specialists.

60% of specialist posts are still vacant at community health centres. This shortage is expected to rise to about 50% in the next four years. With recent rationalization in infrastructure and faculty requirement for medical colleges, the number of MBBS and post graduate seats is likely to double soon.

Despite the low doctor-population ratio, other indicators like literacy, hygiene and health awareness also play a major role to achieve the World Health Organisation benchmark of 4 doctors for every 1000 people. For achieving the WHO benchmark of doctor-population ratio, long term planning to establish more medical colleges across India covering all the States & Union Territories is required.

I request the Honble Union Minister for Health & Family Welfare to look into the matter for establishment of 200 targeted medical colleges as early as possible.

## (ix) Need to provide funds for Special Tiger Protection Force for Sariska Tiger Reserve

**श्री चाँद नाथ (अलवर):** मेरे संसदीय क्षेत्र अलवर (राजस्थान) के अंतर्गत आने वाले 'सरिस्का टाइगर रिजर्व' में बाघों की सुरक्षा के लिए गठित होने वाली राष्ट्रीय बाघ संरक्षण बल (स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स) के गठन के लिए आवश्यक बजट की मांग राज्य सरकार द्वारा की गई थी। भारत सरकार द्वारा 2012 में स्पेशन टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स के गठन की स्वीकृति मिल चुकी है और वित्तीय वर्ष 2013-14 की वार्षिक कार्य योजना में आवश्यक वित्तीय प्रावधान सम्मिलित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए, जो लगभग 112.00 लाख रूपये थे लेकिन 2013-14 के बजट में इस राशि का कोई भी प्रावधान नहीं किया गया । इसके बाद 2014-15 के बजट में भी सरकार द्वारा कोई भी राशि आवंटित नहीं की गई ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इस योजना के लिए आवश्यक धनराशि का प्रावधान किया जाए ।

## (x) Need to bring a health insurance policy for the benefit of common man in the country

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर) :** हमारे देश में आजादी के बाद से ही आम आदमी बुनियादी जरूरतों के लिए तरसता रहा है । वर्षों के बाद आज आमजन के मन में सरकार के प्रति उम्मीद की किरण जागी है । मैं सरकार का ध्यान देश की स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर दिलाना चाहता हूं । देश में इलाज के लिए छोटे-बड़े सरकारी और निजी अस्पताल मौजूद है । सरकारी अस्पतालों में निश्चित ही मध्यम व निम्न आय वर्ग के लोग इलाज के लिए जाते हैं । अधिसंख्य आबादी इस वर्ग की होने के कारण सरकारी अस्पतालों में भीड़ होना स्वाभाविक है । शासकीय अस्पतालों में इलाज तो होता है किंतु सीमित इंफ्रास्ट्रक्चर और चिकित्सकों की कमी के कारण मरीकों का समुचित उपचार नहीं हो पाता है तथा इलाज में देरी भी होती है । जिसके कारण मर्ज और कष्ट बढ़ता चला जाता है और फिर इनमें से कुछ मरीज जो थोड़े सक्षम होते हैं । हिम्मत जुटाकर निजी अस्पतालों की शरण में चले जाते हैं । शासकीय अस्पतालों में लोग आर्थिक तंगी के कारण मजबूरी में जाते हैं । सरकार से अपेक्षा यही है कि कम से कम आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को भी स्वाभिमान के साथ पूरा उपचार तो मिले । बीमा के क्षेत्र में लोगों में जागरूकता आई है और आर्थिक रूप से सक्षम लोग मेडिक्लेम जैसी पॉलिसी ले रहे हैं । लेकिन इसे भी वही लोग अपना रहे हैं जो पॉलिसी का भारी प्रीमियम देने की हैसियत रखते हैं । इस कारण से मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग ऐसे बीमा के प्रति जागरूकता होने के बावजूद पॉलिसी नहीं ले पाते हैं। केन्द्र के शासकीय कर्मचारियों के लिए सी.जी.एच.एस. जैसी स्वास्थ्य योजना चल रही है जिसमें वे अल्प राशि का भुगतान कर सरकारी अथवा निजी अस्पतालों में उपचार की सुविधा लाभ उठा पाते हैं । किंतु राज्यों के कर्मचारियों और आमजनों के लिए देश में ऐसी कोई योजना सरकार की ओर से नहीं बनी है । बीमा के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं और इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि एक ऐसी स्वास्थ्य बीमा योजना बनाई जाए जिसका लाभ स्वाभिमान से देश का हर नागरिक उठा सके । इससे राज्यों में स्थित शासकीय अस्पतालों में भीड़ भी कम होगी, लोगों के पास निजी अस्पतालों का विकल्प भी होगा और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार भी मिल सकेगा ।

**(xi) Need to make provision for setting up of godowns for storage of foodgrains on platforms of railway stations across the country**

SHRI RAVNEET SINGH (LUDHIANA): Owing to an increase in the central pool, stock generated increased under the UPA Government from 196.38 lakh metric tonnes (April 2008) to 823.17 lakh metric tonnes (June 2012). There is an urgent need to increase storage facilities across the country.

I would like to draw the kind attention of the Government towards the loss of foodgrains due to inadequate storage facilities and inefficient movement of foodgrains from surplus regions to deficit regions which is a matter of grave concern.

I propose a Public-Public Partnership model between the Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution and the Ministry of Railways.

There are more than 7000 Railway stations in the country. One of the platforms of some railway stations which are not on the main line and which have fewer train stoppages can be used as storage spaces. The foodgrains will be safe on the already raised plinth of the railway stations. Wherever required, sheds can be constructed on them.

The proposal will cater to the issues of proper storage of grains across every part of India and their timely efficient movement due to the proximity to railway network.

Besides securing our foodgrains, this proposal will bring down the extra cost incurred by the Government on logistics and higher rent given for hiring private godowns.

**(xii) Need to review the decision to close down medical colleges run by Employees' State Insurance Corporation in Tamil Nadu**

DR. P. VENUGOPAL (TIRUVALLUR): The proposed move of Employees' State Insurance Corporation (ESIC) to withdraw from the medical college projects undertaken by it covers two such projects at Chennai and Coimbatore in Tamil Nadu. Of the ESIC's two Medical College projects in Tamil Nadu, the project in Chennai at K.K. Nagar is a functioning Medical College since 2013-14, with an undergraduate intake of 100 each year and also has 38 postgraduate students on rolls during the current academic year (2014-15). The other project is a proposed Medical College at Coimbatore under construction which is yet to get MCI approval. The sudden and drastic decision of ESIC not to further admit students and to exit from medical education has come as a rude shock to the students studying in the college. This has fuelled anxiety and agitation amongst the students studying in them. With a view to resolving the uncertainty and ensuring that they are not abandoned midway and to allay the fear amongst the students, I request the Ministers concerned to intervene in the matter.

**(xiii) Need to sponsor a resolution in United Nations condemning the genocide of Tamils committed in Sri Lanka**

DR. J. JAYAVARDHAN (CHENNAI SOUTH): In the final stages of the civil war in Sri Lanka, there was ethnic pogrom and genocide was perpetrated on Tamil minority in Sir Lanka.

Former Chief Minister of Tamil Nadu Puratchi thalavi amma had requested that the Government of India should sponsor a resolution in the United Nations condemning the genocide that took place in Sri Lanka and take stringent action against all those responsible for the genocide in order to render justice to the Tamils in Sri Lanka. The resolution should also provide for holding a referendum amongst Tamils in Sri Lanka and the displaced Sri Lankan Tamils across the world for formation of a separate Tamil Eelam. Further, voluntary repatriation of Sri Lankan Tamil refugees is premature and should be deferred for the present as conditions in the Northern and Eastern provinces of Sri Lanka are still not conducive for the Tamil refugees to return to their native land. The process of voluntary repatriation could be considered only after concrete and credible measures are taken by the Sri Lankan government and the Sri Lankan refugees in Tamil Nadu are given adequate verifiable assurances and have gained the requisite confidence to return to their native land.

**(xiv) Need to take stern action against persons involved in trafficking of children**

DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY): In spite of all around development, we still come across incidents of trafficking of children. Many cases of child trafficking do not get reported. We have laws like Immoral Traffic Prevention Act, 1956 which deals with trafficking of children and Government is making efforts through Anti trafficking modal cell under the Ministry of Home Affairs but the situation has not improved and such cases continue to happen. Recently suspected trafficking of 578 children came to the notice from West Bengal, Jharkhand, Bihar on 25th May 2014. 123 children of West Bengal were found in a Railway Station in Kerala without any valid document. Children easily fall pey to the wrong persons working in orphanages or Juvenile Homes. Strict vigilance should be kept at bus stands, railway stations, national highways, orphanages, Juvenile Homes, Charitable institutes. Children rescued should be sent to proper and safe places and rehabilitated. Those indulging in child trafficking should be severely punished. I strongly urge the Government to strive to check child trafficking in the country.

## (xv) Need to introduce a new Rajdhani Express train between Bhagalpur (Bihar) and New Delhi or provide the stoppage of Howrah-New Delhi Rajdhani Express at Bhagalpur railway station

**श्री शैलेश कुमार (भागलपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर बिहार राज्य की राजधानी पटना के बाद दूसरी सबसे महत्वपूर्ण शहर है । यहां पर देश के कई हिस्सों से सिल्क व्यापार के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता है । भागलपुर सिल्क नगरी के नाम से भी मशहूर है । पर्यटन के लिए भी यहां लोग आते हैं । लेकिन बिहार की सबसे बड़ी दूसरी शहर भागलपुर में राजधानी एक्सप्रेस की यात्रा सुविधा नहीं है । जिससे यहां आने-जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधा होती है । भागलपुर से दिल्ली जाने के लिए राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी की मांग स्थानीय जनता द्वारा काफी अरसे से किया जा रहा है । रेल बजट 2015-16 में भी भागलपुर से होकर कोई राजधानी एक्सप्रेस की घोषणा नहीं हो सकी है । जिससे स्थानीय नागरिकों में काफी रोष व्यापत है ।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि बिहार की सबसे बड़ी दूसरी शहर सिल्क नगरी भागलपुर से नई राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ कराया जाए अथवा हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को भागलपुर में ठहराव देते हुए बरास्ता भागलपुर से चलायी जाए तो भागलपुर से राजधानी एक्सप्रेस की सुविधा मिल जाने के पश्चात् भागलपुर की आर्थिक विकास में मददगार साबित होगा।

**(xvi) Need to permit construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana and other State roads stalled due to provisions of Forest Conservation, Act 1980 in Idukki Parliamentary Constituency, Kerala**

ADV. JOICE GEORGE (IDUKKI): The forest department has been obstructing the road work under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) citing the provisions of the Forest Conservation Act 1980 which came into force on 25-10-1980. The department is stalling maintenance work of roads which were in existence prior to this act coming into being even for National Highways, road Maintained by Public Work Department, Gramin roads leading to Tribal settlements etc. Since the forest conservation act does not have retrospective effect as regards the maintenance and improvement of infrastructure including roads, the act of the forest department is arbitrary, unlawful and deny the right of the People guaranteed under the Part 3 of the Constitution. In this regard, the Ministry of Environment & Forests had issued guidelines No. F. No. 5-3/2007-FC on 07-01-2011 making it clear that even the forest roads constructed before 25-08-1980 can be converted into pucca roads without attracting the provisions of the act. Even then the construction of seven PMGSY roads, 32 roads maintained by state PWD and maintenance of the National Highways are being obstructed by the Kerala Forest department in my Idukki Parliamentary constituency. Hence, I urge upon the Government to intervene in this matter for facilitating the development of infrastructure in rural and backward areas.

---

## 14.34 hrs

## WAREHOUSING CORPORATIONS (AMENDMENT) BILL, 2015

HON. DEPUTY SPEAKER: The House will take up discussion on the Warehousing Corporations (Amendment) Bill, 2015.

Shri Ram Vilas Paswan.

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं-

> "कि भाण्डागारण निगम अधिनियम, 1962 का संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

उपाध्यक्ष महोदय, यह विधेयक टेक्नीकल है। सी.डब्ल्यू.सी. है, वह वर्ष 1957 में बना था और वर्ष 1999 में इसे मिनी रत्न सूची-1 का दर्ज़ा दिया गया था। जो इस कानून की धारा 5 है, इसमें सरकारी गारंटी लेने का प्रावधान है। जो पी.एस.यू. मिनी रत्न हो जाती है, उसमें सरकारी गारंटी खत्म हो जाती है और उसको वित्तीय अधिकार स्वयं मिल जाता है, सरकार की गारंटी का अधिकार खत्म हो जाता है। लोक उद्यम विभाग ने कहा कि इसमें संशोधन की आवश्यकता है, जिससे इनको वित्तीय अधिकार मिल जाएं। इसको लेकर जो पूर्ववर्ती सरकार थी, उस समय यूपीए की सरकार में यह प्रस्ताव कैबिनेट में ले जाया गया और कैबिनेट ने 2 जून, 2011 को इसको अनुमोदित कर दिया था। इसके बाद 28.12.2011 को इसी लोक सभा में इसे पेश किया गया था। लोक सभा ने इसे स्थायी समिति में भेज दिया था। स्थायी समिति ने भी इस संशोधन का समर्थन करते हुए 30 अगस्त, 2012 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। 15वीं लोक सभा भंग हो जाने के कारण यह विधेयक पास नहीं हो सका। 15वीं लोक सभा में जो विधेयक आया था, जो पास नहीं हो सका था, उसी को लेकर हम आए हैं और यदि यह बिल पास हो जाता है तो जो बजटीय सहायता और गारन्टी देने के लिए जो केन्द्र सरकार के ऊपर हम निर्भर रहते हैं, वह ऑटोमैटिक खत्म हो जाएगा। इनको अपना वित्तीय अधिकार, 500 करोड़ रूपए तक का पूँजी व्यय, बिना सरकार की अनुमति से करने का इनको अधिकार मिल जाएगा और ज्वाइंट वेंचर का भी अधिकार मिल जाएगा।

वर्ष 1967-68 से ही यह मुनाफे में चल रहा है, इसलिए अभी तक वह गारन्टी देने की नौबत नहीं आई है। इसलिए मैंने 5(1) में संशोधन की बात रखी है और जब 5(1) में संशोधन हो जाता है तो इसके अलावा जो धारा 27(4) है, 30(2) है, 31(8) है, और 39 है, उनकी कोई आवश्यकता नहीं रह जाती है।

इसलिए उसमें भी संशोधन करने का प्रस्ताव है। यह बस इतना ही है। इसमें कोई ज्यादा कुछ नहीं है, बस टेक्निकल मामला है। पूर्ववर्ती सरकार जिसे लाई थी, उसको हम ला रहे हैं और उम्मीद है कि सदन बिना चर्चा के ही इसे पास कर देगा।

HON. DEPUTY SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Warehousing Corporations Act, 1962, be taken into consideration."

Prof. K.V. Thomas to speak

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Of course, the Minister has moved this Bill, and Prof. K.V. Thomas has to speak. मेरा एक संशय इसमें है। यह ठीक है कि पिछली गवर्नमेंट इसे लाई थी और आप भी इसको आगे बढ़ा रहे हैं। यह एक और बात है, लेकिन मुझे इस बात का संशय है कि अगर गवर्नमेंट गारन्टी निकल गयी तो शेयर होल्डर्स के लिए कल के दिन, यानी इस कारपोरेशन में जो आस्था रखते हैं या सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कारपोरेशन में जो एग्रीकल्चरिस्ट अपना माल रखते हैं और दूसरे जो भी शेयर होल्डर्स हैं, स्टेक होल्डर्स हैं, उनका विश्वास इस पर से उठ जाएगा। अगर गवर्नमेंट गारन्टी ही नहीं है तो हम उसमें क्यों रखें और फिर आहिस्ता-आहिस्ता यह प्राइवेटाइजेशन हो जाएगा। जब आहिस्ता-आहिस्ता प्राइवेटाइजेशन हो जाएगा तो इस वक्त नो लॉस, नो प्रॉफिट बोलिए या थोड़ा प्रॉफिट वर्ष 1958 के बाद जो कर रहे हैं, अगर वह खत्म हुआ तो उसके बाद आम जनता को खासकर किसानों को तकलीफ होगी। उसके लिए आपको सोचना होगा, यह एक बात है।

दूसरा प्वाइंट यह है कि आहिस्ता-आहिस्ता उसमें से गारंटी निकल जाएगी। वे कल बोलेंगे कि पी.पी.पी. मोड में होगा, ज्वाइंट बेन्चर में होगा या प्राइवेट आदमी उसको कैपचर कर लेंगे, तब इसमें से रिजर्वेशन भी खत्म हो जाएगा। नेचुरली जो आदमी उन्हें ज्यादा खरीदते हैं, वे अपना शेयर होल्डिंग वहां रख देते हैं, तो उनकी वॉइस चलती है। उन्हें इस दिशा में भी सोचना चाहिए।

यह ठीक है कि पिछली गवर्नमेन्ट इसे यहां लेकर आयी थी, और आप इसे आगे बढ़ा रहे हैं, यह बात और है। मेरा संशय यह है कि इसमें अगर बाहर से आये हुए शेयर होल्डर्स की मेजॉरिटी बन गयी और दूसरी चीज यह है कि गवर्नमेन्ट की जो एसेट है, अगर आज आप उसे दूसरों को देंगे तो कल किसानों को तकलीफ होगी। इसे ध्यान में रख कर, आप इसके लिए क्या कर सकते हैं, इसके बारे में सोचिए?

PROF. K.V. THOMAS (ERNAKULAM): Sir, I rise to support the Warehousing Corporations (Amendment) Bill, 2015 further to amend the Warehousing Corporations Act, 1962, which has not been taken for discussion in this House.

This Bill is the child of the UPA-II Government and to be precise, this Bill was authored when I was the Food Minister in the UPA-II Government. Some apprehensions, which Shri Kharge raised here, had been discussed in detail. After finding out ways and means to address those apprehensions, this Bill was brought. Then, it also went to the Standing Committee.

We never believe in opposing a Bill for the sake of opposition unless the very solemn substance of our Bill is clandestinely removed. Now, the purpose of the Bill is to allow withdrawal of the Government guarantee extended to the Central Warehousing Corporation. In the process, the Government will be absolved of its responsibility of being the guarantor. The dispensation of the guarantee is overdue.

I know the good performance of the Central Warehousing Corporation from very close quarters. The performance of the Corporation has been quite spectacular. The owned and constructed capacity of the warehousing has increased from 67.60 lakh tonnes in 2008-09, the beginning of the UPA-II Government, to 75.81 lakh tonnes in 2013-14, the end of the UPA-II Government. There has been substantial enhancement in the storage capacity during this period. The turnover of the organisation rose from Rs. 849.25 crore in 2008-09 to Rs. 1,528.19 crore in 2013-14. It means that there has been a nearly 100 per cent increase. Profit before tax has shown an increase from Rs. 110.44 crore in 2008-09 to Rs. 256.47 crore in 2013-14. Profit after tax has increased from Rs. 110.46 crore in 2008-09 to Rs. 161.05 crore in 2013-14. The dividend given by the Corporation rose from 30 per cent in 2008-09 to 48 per cent in 2013-14. I congratulate the Chief Executives and officers of the CWC for this commendable achievement.

Nevertheless, I would like to emphasise a few points which deserve to be followed by the new Government. It is necessary to upgrade the existing bulk handling infrastructure through enabling Government policies, focusing on mechanical harvesting, construction of a series of silos at procurement and distribution centres and transportation of grains from silos to rail heads and to destinations through specially designed tracks and railway wagons.

My request to my hon. colleague is that we have started a large number of modernization processes, like computerization and *in camera* operations. As a result, damage in FCI alone, which was to the tune of 2.5 per cent in 2008-09, has come down to 0.01 per cent. So this modernisation process has to continue.

Sir, we have got a big challenge. The magnitude of the problem can be gauged from the following indicators. Food grains production this year is to the tune of 264.7 million tonnes. It was a record production that we had. But the post-harvest losses in wheat were eight per cent of the production, and 11 per cent of production in the case of rice. We have to bring down these losses at the time of harvest as also after harvest.

At present the storage capacity available is 108 million metric tonnes, and the storage capacity to be created for FCI and PDS requirements is 150 lakh metric tonnes. The existing gap for meeting private commercial demand is 200 lakh metric tonnes. So the total warehousing gap is to the tune of 350 lakh tonnes. So we need more godowns, more warehouses and better technologies. In this direction private sector can play a major role to build and manage the storage capacity in the country. This is particularly so in respect of incorporated bulk handling storage and transportation. There is also a need to fund these operations through public issues by private enterprises, soft loan guarantees like NABARD and commercial borrowings.

In this connection I would like to give a signal to the Government that in this process of expansion and modernisation, it should not go into the private hands and corporate houses. You can try the cooperative movement in the country

like in Andhra and in Odisha where a large number of cooperative societies have come in for constructing these storages.

Our ports need to be strengthened with the involvement of private sector. There are very little warehousing facilities for storage of food grains at the ports. Non-traditional ports also should be equipped to handle the increasing need of food grains traffic. This involvement of private sector in strengthening the storage infrastructure should be made an integral part of Make in India Initiative of the Government.

In large parts of rural areas manual harvesting and thrashing is in force. Grains in small quantities are collected, bagged and taken to the storage point. Bagging, loading and unloading process pushes up the cost of operations. Where the mechanical harvesting is done, grain in bulk is collected and this lends itself to bulk movement to the silos and to the distribution point.

The one successful model of bulk handling of food grains is the model evolved by the Food Corporation of India and the Adani Agri Logistics Limited together. This is in Punjab. It is a very successful project which we have initiated and it has become very successful.

Earlier we were following the American models but we have now developed our own models. No doubt there were teething troubles initially and the subsequent issues hampered its progress. However, in 2013 these irritants were sorted out and now it is operating successfully.

Under this model specially designed rakes or dedicated trains are put in place which constitute basically a modern wagon loading system which allows the wagons to be filled at the rate of 700 tonnes per hour, taking only 2.5 minutes to fill one wagon. This would also provide ultra modern storage and transportation facilities to the Food Corporation of India. The cost of this project is only Rs.600 crore. The purpose of the project is to prevent wastage of food grains and to preserve the inherent nutritional content in the process of modernisation.

Another example which I remember of PPP in bulk handling is the L.T. Overseas model. They operate in partnership with the Government of Punjab. They have set up a silo in Amritsar. Grain is brought in bags, unpacked and stored in the silo, and taken for bulk processing and distribution.

